प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित– रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने की डॉक्टर की बर्खास्तगी रद्द करने की मांग।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने डॉक्टरों की हड़ताल को बताया गलत, कहा– जल्द सुलझा लिया जाएगा मामला।
- केंद्र सरकार ने आपदा राहत के लिए एन.डी.आर.एफ. के तहत प्रदेश को जारी की करीब 6 सौ 2 करोड़ रूपए की दूसरी किश्त।
- न्यूनतम वेतन देने सहित ठोस नीति बनाने को लेकर राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा 108 व 102 के कर्मचारियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल जारी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से साझा करेंगे अपने विचार।

डॉक्टर हड़ताल

आई.जी.एम.सी शिमला सहित प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ा है। हालांकि राज्य सरकार के सख्त निर्देशों के बाद आई.जी.एम.सी शिमला में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन की हड़ताल के बाद रूटीन ऑपरेशन बंद कर दिए गए हैं जबकि आपातकालीन ऑपरेशन जारी हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज आईजीएमसी में विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को रद्द करने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सोहेल शर्मा ने कहा कि इस बर्खास्तगी को लेकर प्रदेश भर के डॉक्टरों में खासा रोष है और वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से डॉक्टर राघव की बर्खास्तगी को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

इस बीच हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ और डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों ने भी इस हड़ताल को अपना समर्थन दिया है।

धनीराम शांडिल

इधर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि मुख्यमंत्री के दिल्ली से लौटने के बाद डॉक्टरों की हड़ताल का मामला सुलझा दिया जाएगा। उन्होंने डॉक्टरों की हड़ताल को गलत बताते हुए कहा कि यदि आरोपी डॉक्टर पहले ही माफी मांग लेते तो इस तरह की स्थिति उत्पन्न न होती। शांडिल ने कहा कि डॉक्टर का कार्य बेहद महत्वपूर्ण व ज़िम्मेदारी वाला होता है और सरकार भी किसी के करियर के खिलाफ नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हर गलती में सुधार की संभावना रहती है।

केन्द्रीय सहायता

केन्द्र सरकार ने एन.डी.आर.एफ के तहत आपदा राहत के लिए हिमाचल को 6 सौ एक करोड़ 92 लाख रूपये की दूसरी किश्त जारी कर दी है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य नेताओं ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। सुंदरनगर में पत्रकारों से बातचीत में राजीव बिंदल ने  कहा कि इस राशि से प्रदेश में विकास कार्यों में तेज़ी आएगी और आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला ज़िले के चौपाल विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ रूपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण किए। इनमें अनेक पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों और जनसुविधा केन्द्रों के उद्घाटन शामिल है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में एक जैसे पंचायत भवन बनाने का निर्णय लिया है, जिस पर एक करोड़ 14 लाख रूपये की राशि खर्च की जाएगी और इस वित्त वर्ष के दौरान अब तक पंचायत भवनों के निर्माण पर 45 करोड़ रूपये खर्च किए जा चुके हैं।

एंबुलेंस 108

राष्ट्रीय एम्बुलैंस सेवा 108 और 102 के कर्मचारी आज भी प्रदेश भर में हड़ताल पर रहे। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोलन में एम्बुलेंस कर्मचारियों ने सीटू के बेनर तले रैली निकाल कर अपनी मांगों को लेकर नारे लगाए। ये कर्मचारी उन्हें न्यूनतम वेतन देने और एक दिन में आठ घंटे ड्यूटी टाइम निर्धारित करने की मांग कर रहे हैं। सीटू के जिला महासचिव मोहित वर्मा ने कहा कि सरकार एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारियों की मांगों को अनसुना कर रही है।

–बाईट–एम्बुलेंस–मोहित वर्मा–52’’––

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत्त है और पहले चरण में प्रदेश के एक सौ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को सी.बी.एस.ई से संबद्ध किया गया है। उन्होंने आज चंबा ज़िले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुलेल में वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कुलदीप पठानिया ने कहा कि हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यो में शामिल हो गया है और सरकार की नीतियों व प्रयासों से 21वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर लगभग 45 लाख रूपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण भी किए।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के विकास में अतुलनीय योगदान दिया है और दुनिया भर में उन्होंने भारत की साख बढ़ाई। सिकंदर कुमार ने आज कसौली में भाजपा द्वारा आयोजित अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 में जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की तो उन्होंने इस आगे बढ़ाने का काम प्रमुख रूप से पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी को दिया। सिकंदर कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने में अटल जी का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वाजपेयी जी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को विश्व मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत किया।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

## सिंचाई योजना

उपमुख्य सचेतक और सामान्य विकास समिति के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने अधिकारियों को सुखाहार मध्यम सिंचाई व फिन्ना सिंह सिंचाई योजना के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में अधिकारियों के साथ एक बैठक में बताया कि 2 सौ 19 करोड़ रूपये की सुखाहार मध्यम सिंचाई योजना से कांगड़ा ज़िले के ज्वाली, शाहपुर और देहरा विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 2 हज़ार एक सौ 86 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश भर में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित– रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने की डॉक्टर की बर्खास्तगी रद्द करने की मांग।
- स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने डॉक्टरों की हड़ताल को बताया गलत, कहा– जल्द सुलझा लिया जाएगा मामला।
- केंद्र सरकार ने आपदा राहत के लिए एन.डी.आर.एफ. के तहत प्रदेश को जारी की करीब 6 सौ 2 करोड़ रूपए की दूसरी किश्त।
- न्यूनतम वेतन देने सहित ठोस नीति बनाने को लेकर राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवा 108 व 102 के कर्मचारियों की प्रदेश व्यापी हड़ताल जारी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से साझा करेंगे अपने विचार।